futuretopper.in

Series SPR2Q

SET~2

प्रश्न–पत्र कोड
Q.P. Code **66/2/2**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र कोड को उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ **31** हैं । { }

Please check that this question paper contains **31** printed pages.

(II) प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न–पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें ।

Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में **34** प्रश्न हैं ।

Please check that this question paper contains **34** questions.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर–पुस्तिका में यथास्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.

(V) इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

व्यावसायिक अध्ययन

BUSINESS STUDIES

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) *प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं ।*

(iii) *उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होने चाहिए ।*

(iv) ***3** अंकों के प्रश्नों के उत्तर **50** से **75** शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

(v) *4 अंकों के प्रश्नों के उत्तर लगभग **150** शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

(vi) *6 अंकों के प्रश्नों के उत्तर लगभग **200** शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

(vii) *प्रत्येक प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक साथ लिखे जाने चाहिए ।*

1. 'शेयर बाज़ार नए निर्गमों को विनियमित करके, बेहतर व्यापार व्यवहारों तथा जनता को निवेश के बारे में शिक्षित करने हेतु प्रभावी कदम उठाकर विस्तृत शेयर स्वामित्व को सुनिश्चित करने में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है ।'

उपरोक्त पंक्तियाँ निम्नलिखित में से शेयर बाज़ार के किस कार्य पर प्रकाश डालती हैं ? **1**

(A) सट्टेबाज़ी के लिए अवसर उपलब्ध कराना

(B) इक्विटी संप्रदाय का प्रसार

(C) लेन-देन की सुरक्षा

(D) आर्थिक-प्रगति हेतु भागीदारी

2. नेहा, 'न्यूट्रीबाइट' कम्पनी में प्रबंधक के रूप में कार्य कर रही है, जो प्रोटीन युक्त नाश्ता बनाती है और जिसकी माँग बहुत अधिक है । वह संगठन की विपणन योजनाओं को क्रियान्वित करने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी है कि लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कम्पनी की नीति के अनुसार उसके विभाग में आवश्यक कर्मचारी हैं ।

नेहा प्रबंध के किस 'स्तर' पर कार्य कर रही है, पहचानिए : **1**

(A) उच्च स्तर

(B) मध्य स्तर

(C) प्रचालन स्तर

(D) दोनों मध्य स्तर तथा प्रचालन स्तर

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

General Instructions :

Read the following instructions very carefully and strictly follow them :

(i) *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

(ii) *Marks are indicated against each question.*

(iii) *Answers should be brief and to the point.*

(iv) *Answers to the questions carrying **3** marks may be from **50** to **75** words.*

(v) *Answers to the questions carrying **4** marks may be in about **150** words.*

(vi) *Answers to the questions carrying **6** marks may be in about **200** words.*

(vii) *Attempt all parts of a question together.*

1. 'Stock Exchange is playing a vital role in ensuring wider share ownership by regulating new issues, better trading practices and taking effective steps in educating the public about investments.'

   The above lines highlight which function of stock exchange from the following ? **1**

   (A) Providing Scope for Speculation

   (B) Spreading of Equity Cult

   (C) Safety of Transactions

   (D) Contributes to Economic Growth

2. Neha is working as a Manager at 'NutriBite', a company that makes protein rich snacks which are high in demand. She is responsible for implementing organisation's marketing plans, and ensuring that her department has necessary personnel to achieve goals as per company's policy.

   Identify the 'level' of management at which Neha is working : **1**

   (A) Top level

   (B) Middle level

   (C) Operational level

   (D) Both Middle level and Operational level

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

3. 'एक ऐसा पर्यावरण तैयार करने एवं उसे बनाए रखने की प्रक्रिया जिसमें लोग समूह में कार्य करते हुए चुने गए लक्ष्यों को कुशलता से प्राप्त करते हैं' जाना जाता है **1**

(A) प्रबंध (B) नियोजन

(C) संगठन (D) समन्वय

4. अलका मोटर्स भारत की अग्रणीय ऑटो-मोबाइल कम्पनियों में से एक है । इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती हुई माँग के कारण, अलका मोटर्स ने अपने व्यवसाय के विस्तार की योजना बनाई और इसके लिए वह कोष एकत्रित करना चाहती थी । वित्तीय प्रबंधक ने सुझाव दिया कि चूँकि बाज़ार तेज़ी पर है अत: इसे समता के माध्यम से कोष एकत्रित करने चाहिए । वित्तीय प्रबंधक के सुझाव के अनुसार कम्पनी ने अपनी इलेक्ट्रिक वाहनों की विस्तार योजना के लिए समता द्वारा ₹ 3,500 करोड़ एकत्रित करने का निर्णय लिया ।

समता के माध्यम से कोष एकत्रित करने के लिए वित्त प्रबंधक द्वारा ध्यान में रखा गया घटक था : **1**

(A) रोकड़ प्रवाह स्थिति (B) लचीलापन

(C) ऋण की लागत (D) शेयर-बाज़ार की दशाएँ

5. 'लिमा' एक वैश्विक स्पोर्ट्सवियर ब्रान्ड है जो अपने जूतों, परिधान एवं खेल सहायक सामग्री के लिए जानी जाती है । उपभोक्ता लिमा के जूते, टी-शर्ट्स तथा बैग इत्यादि लिमा उत्पादों पर छपे टाइगर चिह्न को देखते ही पहचान लेते हैं । लिमा ने दोनों अपने नाम 'लिमा' तथा इसके चिह्न 'टाइगर' को कानूनी रूप से पंजीकृत करा रखा है ताकि कोई अन्य कम्पनी अपने स्पोर्ट्सवियर में कानूनी रूप से बिलकुल ऐसा या इससे मिलते-जुलते डिज़ाइन का प्रयोग न कर सके ।

'लिमा' का टाइगर चिह्न है : **1**

(A) ब्रांड नाम

(B) ब्रांड मार्क

(C) ट्रेड मार्क

(D) ब्रांड मार्क तथा ट्रेड मार्क दोनों

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

3. 'The process of designing and maintaining an environment in which individuals working together in groups, efficiently accomplish selected aims' is known as : **1**

(A) Management (B) Planning

(C) Organising (D) Co-ordination

4. Alka Motors is one of the leading automobile companies in India. Due to growing demand for electric vehicles, Alka Motors planned to expand its business and for this, it wanted to raise funds. The finance manager suggested that it should raise funds through equity as the market was bullish. As per the suggestion of finance manager, the company decided to raise ₹ 3,500 crore from equity for its expansion plan for electric vehicles.

The factor that the finance manager took into consideration to raise funds through equity was : **1**

(A) Cash flow position (B) Flexibility

(C) Cost of debt (D) Stock-market conditions

5. 'Lima' is a global sportswear brand known for shoes, apparel and sports accessories. Customers can recognize Lima's shoes, t-shirts and bags just by seeing the tiger symbol imprinted on all Lima's products. Lima has legally registered both its name 'Lima' and its tiger symbol so that no other company can legally use the same or similar design in their sportswear.

The tiger symbol is Lima's : **1**

(A) Brand name

(B) Brand mark

(C) Trade mark

(D) Both Brand mark and Trade mark

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

6. **कथन-I** : पूँजी बाज़ार के प्रलेख प्रतिफल एवं मूलधन वापसी दोनों की दृष्टि से मुद्रा बाज़ार के प्रलेखों से सुरक्षित होते हैं ।

कथन-II : पूँजी बाज़ार मध्यम एवं दीर्घकालीन प्रतिभूतियों जैसे समता अंश और ऋणपत्रों आदि में लेन-देन करते हैं ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

(A) कथन-I सत्य है तथा कथन-II असत्य है ।

(B) कथन-I असत्य है तथा कथन-II सत्य है ।

(C) दोनों कथन-I तथा कथन-II सत्य हैं ।

(D) दोनों कथन-I तथा कथन-II असत्य हैं ।

7. 'प्राथमिक बाज़ार' में प्रतिभूतियों के मूल्य का निर्धारण होता है : **1**

(A) कम्पनी के प्रबंध द्वारा

(B) प्रतिभूति की माँग एवं आपूर्ति द्वारा

(C) कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा

(D) केवल प्रतिभूति की माँग द्वारा

8. 'टेलर का विश्वास था कि औद्योगिक कार्य-कुशलता अधिकांशत: कर्मचारियों की योग्यताओं पर निर्भर करती है । उसका विचार था कि कार्य-कुशलता की नींव कर्मचारी चयन प्रक्रिया के प्रारंभ से ही रखी जा सकती है । प्रत्येक व्यक्ति का चयन वैज्ञानिक रीति से होना चाहिए । सौंपा गया कार्य उनकी योग्यताओं के अनुरूप होना चाहिए । उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि के लिए उनको आवश्यक प्रशिक्षण मिलना चाहिए ।'

उपरोक्त में चर्चित वैज्ञानिक प्रबंध का सिद्धान्त है **1**

(A) विज्ञान पद्धति, न कि अँगूठा टेक नियम

(B) सहयोग, न कि टकराव

(C) सहयोग, न कि व्यक्तिवाद

(D) प्रत्येक व्यक्ति का उसकी अधिकाधिक क्षमता एवं समृद्धि के लिए विकास

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

6. **Statement – I :** Capital market instruments are safer than money market instruments both with respect to returns and principal repayment.

Statement – II : The capital market deals in medium and long-term securities such as equity shares and debentures etc.

Choose the correct option from the following : **1**

(A) Statement I is true and Statement II is false.

(B) Statement I is false and Statement II is true.

(C) Both Statement I and Statement II are true.

(D) Both Statement I and Statement II are false.

7. In the 'Primary Market' prices of securities are determined by : **1**

(A) Management of the company

(B) Demand and supply of the security

(C) Employees of the company

(D) Only demand for the security

8. 'Taylor believed that industrial efficiency depends to a large extent on personnel competencies. He was of the view that the concern for efficiency could be built in right from the process of employee selection. Each person should be scientifically selected. The work assigned should suit her/his capabilities. To increase efficiency, they should be given the required training.' The principle of scientific management discussed above is : **1**

(A) Science, not Rule of Thumb

(B) Harmony, Not Discord

(C) Cooperation, Not Individualism

(D) Development of Each and Every Person to His or Her Greatest Efficiency and Prosperity.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

9. 'ग्रीन ईट्स' पौधा आधारित भोजन किट की पेशकश करने वाला एक स्टार्ट-अप है । इसने लोकप्रियता प्राप्त की क्योंकि बहुत अधिक युवा उपभोक्ता स्वास्थ्य के प्रति सचेत हो रहे थे तथा दिन प्रतिदिन पर्यावरणीय विषयों के सम्बन्ध में जागरूकता भी बढ़ रही थी । टिकाऊ भोजन के संवर्धन के लिए उन्होंने विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के साथ मिलकर उनके लिए कार्यशालाएँ आयोजित कीं ।

उपरोक्त स्थिति में प्रकाशित व्यावसायिक पर्यावरण का घटक पहचानिए : **1**

(A) आर्थिक पर्यावरण (B) सामाजिक पर्यावरण

(C) राजनैतिक पर्यावरण (D) प्रौद्योगिकीय पर्यावरण

10. यहाँ दो कथन दिए गए हैं, अभिकथन (A) तथा कारण (R) ।

अभिकथन (A) : विकसित कम्पनियों में लाभांश उन कम्पनियों से अधिक होता है जो विकसित नहीं हो पाई हैं ।

कारण (R) : अच्छे विकास के अवसर वाली कम्पनियाँ अपनी आय में से अधिक राशि प्रतिधारित करती हैं ताकि आवश्यक निवेश के लिए वित्तपोषण किया जा सके ।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

(A) अभिकथन (A) असत्य है तथा कारण (R) सत्य है ।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों असत्य हैं ।

(C) अभिकथन (A) सत्य है तथा कारण (R) असत्य है ।

(D) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

9. Green-Eats is a start-up offering plant based meal kits. It gained popularity as more young consumers were becoming health conscious and awareness about environmental issues was increasing day-by-day. To promote sustainable eating, they collaborated with schools and colleges and organized workshops for them.

Identify the element of business environment highlighted in the above case : **1**

(A) Economic Environment (B) Social Environment

(C) Political Environment (D) Technological Environment

10. There are two statements, Assertion (A) and Reason (R).

Assertion (A) : The dividend in growth companies is more than that in the non-growth companies.

Reason (R) : Companies having good growth opportunities retain more money out of their earnings so as to finance the required investment.

Choose the correct alternative from those given below : **1**

(A) Assertion (A) is false and Reason (R) is true.

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are false.

(C) Assertion (A) is true and Reason (R) is false.

(D) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

11. यहाँ दो कथन दिए गए हैं, अभिकथन (A) तथा कारण (R) ।

अभिकथन (A) : नियंत्रण को प्रबंध के अंतिम कार्य के रूप में समझने की भूल नहीं की जानी चाहिए ।

कारण (R) : नियंत्रण वह कार्य है जो प्रबंधन चक्र को वापिस नियोजन कार्य पर लाता है ।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

(A) अभिकथन (A) असत्य है तथा कारण (R) सत्य है ।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों असत्य हैं ।

(C) अभिकथन (A) सत्य है तथा कारण (R) असत्य है ।

(D) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

12. रमेश एक रूम हीटर खरीदना चाहता था क्योंकि सर्दी बहुत अधिक हो गई थी । एक अच्छे रूम हीटर की खोज़ में वह पास के बाज़ार में गया । सबसे पहले उसने कुछ बड़ी दुकानों का दौरा किया जो ब्रान्डेड हीटर बेच रही थीं और उनके डिज़ाइन, गुणवत्ता तथा मूल्य की जाँच की । बाज़ार में चलते-चलते उसने सड़क किनारे की एक दुकान देखी जो एक आकर्षक रूम हीटर प्रदर्शित कर रही थी । वह दुकान के अंदर गया ताकि रूम हीटर के बारे में जानकारी प्राप्त कर सके । दुकानदार ने दिखाया कि हीटर किस प्रकार काम करता है और साथ-साथ उसके गुण जैसे उसका घूमने वाला कार्य, ऑटोकट इत्यादि भी समझाए ।

रमेश ने उसका मूल्य पूछा और निर्णय लिया कि वह इसे खरीदेगा, क्योंकि अन्य रूम हीटरों की तुलना में यह सस्ता था और इसमें कुछ अतिरिक्त विशेषताएँ भी थीं । लेकिन इसके मूल्य तथा विशेषताओं पर ध्यान केन्द्रित करते समय, उसने ISI मार्क तथा उस लेबल की जाँच नहीं की जिस पर निर्माण की तिथि, सुरक्षा विशेषताएँ, उपयोग के निर्देश इत्यादि प्रदर्शित होते हैं ।

उपरोक्त स्थिति में रमेश द्वारा जिस अधिकार का प्रयोग किया गया, वह है : **1**

(A) चयन/आश्वस्त होने का अधिकार

(B) सुनवाई का अधिकार

(C) उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार

(D) सुरक्षा का अधिकार

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

11. There are two statements, Assertion (A) and Reason (R).

Assertion (A) : Controlling should not be misunderstood as the last function of management.

Reason (R) : Controlling is a function that brings the management cycle back to the planning function.

Choose the correct alternative from those given below : **1**

(A) Assertion (A) is false and Reason (R) is true.

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are false.

(C) Assertion (A) is true and Reason (R) is false.

(D) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

12. Ramesh wanted to buy a room heater as it had become extremely cold. He went to the nearby market in search of a good room heater. He first visited a few big shops selling branded heaters and checked the design, quality and the price. Walking through the market he saw a road side shop displaying an attractive room heater. He walked into the shop to enquire about the room heater. The shopkeeper demonstrated how the heater worked and simultaneously explained its qualities like its rotating function, auto-cut etc. Ramesh asked about its price and decided to buy it, as in comparison to other room heaters, it was cheaper and had various additional features. However while focusing on the price and features, he did not check the ISI mark or the label which displayed the date of manufacturing, safety features, directions for use etc.

The right exercised by Ramesh in the above case is : **1**

(A) Right to choose/be assured

(B) Right to be heard

(C) Right to consumer education

(D) Right to safety

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

13. 'चूँकि व्यावसायिक पर्यावरण में विभिन्न स्रोतों से उत्पन्न होने वाली अनेक परस्पर सम्बन्धित एवं गतिशील स्थितियाँ एवं शक्तियाँ सम्मिलित होती हैं, अत: तुरंत यह समझना कठिन हो जाता है कि वर्तमान पर्यावरण यथार्थ रूप से किन तत्त्वों से बना है ।'

उपरोक्त में प्रकाशित व्यावसायिक पर्यावरण की विशेषता है : **1**

(A) तुलनात्मकता (B) अनिश्चितता

(C) जटिलता (D) गतिशील प्रकृति

14. किसी व्यवसाय की कोष आवश्यकताओं का अनुमान लगाना एवं कोष के स्रोतों को निर्दिष्ट करने की प्रक्रिया, कहलाती है _____। **1**

(A) समता पर व्यापार (B) पूँजी बजटिंग निर्णय

(C) वित्तीय प्रबन्ध (D) वित्तीय नियोजन

15. **कथन-I** : कार्य शक्ति विश्लेषण विभिन्न कार्यों के निष्पादन तथा संगठनिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कितनी संख्या में तथा किस प्रकार के मानव संसाधनों की आवश्यकता होगी, के निर्धारण को संभव बनाता है ।

कथन-II : कार्य भार विश्लेषण से पता चलता है कि कितनी संख्या में तथा किस प्रकार के मानव संसाधन उपलब्ध हैं ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

(A) कथन-I सत्य है तथा कथन-II असत्य है ।

(B) कथन-I असत्य है तथा कथन-II सत्य है ।

(C) दोनों कथन-I तथा कथन-II सत्य हैं ।

(D) दोनों कथन-I तथा कथन-II असत्य हैं ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

13. 'Since business environment consists of numerous interrelated and dynamic conditions or forces which arise from different sources, it becomes difficult to comprehend at once what exactly constitutes a given environment.'

The feature of business environment highlighted above is : **1**

(A) Relativity
(B) Uncertainty
(C) Complexity
(D) Dynamic Nature

14. The process of estimating the fund requirements of a business and specifying the sources of funds is called _____. **1**

(A) Trading on Equity
(B) Capital Budgeting decision
(C) Financial Management
(D) Financial Planning

15. **Statement-I :** Workforce analysis enables an assessment of the number and types of human resources necessary for the performance of various jobs and accomplishment of organizational objectives.

Statement-II : Workload analysis reveals the number and type of human resources available.

Choose the correct option from the following : **1**

(A) Statement-I is true and Statement-II is false.
(B) Statement-I is false and Statement-II is true.
(C) Both Statement-I and Statement-II are true.
(D) Both Statement-I and Statement-II are false.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

16. वैज्ञानिक प्रबंध की एक तकनीक के रूप में 'गति अध्ययन' के सम्बन्ध में कौन सा कथन गलत है, पहचानिए : **1**

(A) अनावश्यक चेष्टाओं को समाप्त किया जाता है ताकि कार्य को भलीभाँति पूरा करने में कम समय लगे ।

(B) यह विभिन्न प्रकार की मुद्राओं के अध्ययन से सम्बन्धित है, जो किसी विशेष कार्य को करने के लिए की जाती हैं जैसे उठाना, वस्तुएँ रखना, बैठना या स्थान बदलना आदि ।

(C) इस तकनीक के माध्यम से, टेलर ऐसे उपकरण एवं औज़ार डिज़ाइन करने में सफल रहा जो श्रमिकों को उनके उपयोग के सम्बन्ध में शिक्षित करने में उपयुक्त थे ।

(D) यह तकनीक नियुक्त किए जाने वाले कर्मियों की संख्या का निर्धारण करने, उपयुक्त प्रेरक योजनाओं को तैयार करने तथा श्रम लागत का निर्धारण करने में सहायता करती है ।

17. नीचे के चित्र में दिया गया प्रश्न-चिह्न एक वित्तीय प्रोत्साहन का प्रतिनिधित्व करता है । प्रोत्साहन को पहचानिए : **1**



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

16. Identify the incorrect statement with respect to 'Motion Study', as a technique of scientific management : **1**

(A) Unnecessary movements are sought to be eliminated so that it takes less time to complete the job efficiently.

(B) It refers to the study of movements like lifting, putting objects, sitting and changing positions etc., which are undertaken while doing a typical job.

(C) Through this technique, Taylor was able to design suitable equipment and tools to educate workers on their use.

(D) This technique helps to determine the number of workers to be employed, frame suitable incentive schemes and determine labour costs.

17. The question mark in the picture given below represents a financial incentive. Identify the incentive : **1**



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

(A) वेतन तथा भत्ता

(B) सेवानिवृत्ति लाभ

(C) उत्पादकता सम्बन्धित पारिश्रमिक/मज़दूरी प्रोत्साहन

(D) अनुलाभ/परक्विज़िट

दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए :

किसी व्यक्ति को प्रबन्धकीय पद पर दिए गए अधिकार, उत्तरदायित्व, पुरस्कार, अनुलाभ तथा पद प्रतिष्ठा इत्यादि निम्नलिखित में से किस गैर-वित्तीय प्रोत्साहन की ओर संकेत करते हैं ? **1**

(A) पद संवर्धन (B) पद-सुरक्षा/स्थायित्व

(C) पद-प्रतिष्ठा (D) संगठनिक वातावरण

18. निम्नलिखित में से कौन सा कार्य 'उच्च-स्तरीय प्रबन्ध' द्वारा कार्यान्वित नहीं किया जाता, पहचानिए : **1**

(A) संगठन के सुचारु संचालन के लिए अन्य विभागों के साथ सामंजस्य स्थापित करना ।

(B) संगठन के कल्याण एवं निरंतरता के लिए उत्तरदायी ।

(C) व्यावसायिक पर्यावरण का विश्लेषण एवं फर्म की जीवितता पर इसका प्रभाव ।

(D) समग्र संगठनात्मक लक्ष्यों का निर्माण एवं उनकी प्राप्ति के लिए व्यूह-रचना करना ।

19. कॉलम I में दिए गए गैर-वित्तीय प्रोत्साहनों का कॉलम II में दिए गए उनके अर्थ के साथ मिलान कीजिए :

	कॉलम I		**कॉलम II**
a.	कर्मचारियों की भागीदारी	i.	यह उन विशेषताओं की ओर संकेत करता है जो किसी संगठन का विवरण देती हैं तथा एक संगठन को दूसरे संगठन से भिन्न करती हैं ।
b.	संगठनात्मक वातावरण	ii.	इसका अर्थ संस्था में पदों के क्रम से है ।
c.	कर्मचारियों का सशक्तीकरण	iii.	इसका अर्थ अधीनस्थों को अधिक स्वायत्तता तथा शक्तियाँ देने से है ।
d.	पद-प्रतिष्ठा	iv.	इसका अर्थ कर्मचारियों से सम्बन्धित निर्णय लेने में उन्हें सम्मिलित करने से है ।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

	a	**b**	**c**	**d**
(A)	ii	iii	i	iv
(B)	i	iv	ii	iii
(C)	iv	i	iii	ii
(D)	iii	ii	iv	i

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

(A) Pay and allowances
(B) Retirement benefits
(C) Productivity linked wage incentives
(D) Perquisites

For Visually Impaired Candidates :

Authority, responsibility, rewards, perquisites and prestige of job etc. indicate which of the following non-financial incentives given to a person holding a managerial position ? **1**

(A) Job Enrichment
(B) Job security
(C) Status
(D) Organisational climate

18. Identify which of the following functions is Not performed by 'Top Level Management' : **1**

(A) Cooperating with other departments for smooth functioning of the organisation.
(B) Being responsible for the welfare and survival of the organization.
(C) Analyzing the business environment and its implications for the survival of the firm.
(D) Formulating overall organizational goals and strategies for their achievement.

19. Match the non-financial incentives given in Column I with their meaning given in Column II :

	Column I		**Column II**
a.	Employee participation	i.	It indicates the characteristics which describe an organization and distinguish one organization from the other.
b.	Organisational climate	ii.	It means ranking of positions in the organisation.
c.	Employee empowerment	iii.	It means giving more autonomy and powers to subordinates.
d.	Status	iv.	It means involving employees in decision making of the issues related to them.

Choose the correct option from the options given below : **1**

	a	**b**	**c**	**d**
(A)	ii	iii	i	iv
(B)	i	iv	ii	iii
(C)	iv	i	iii	ii
(D)	iii	ii	iv	i

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

20. एन वी इलेक्ट्रोनिक्स के पास स्मार्ट-फोन, टी.वी., होम एंटरटेनमेंट सिस्टम, रसोई उपकरणों तथा एयर कंडीशनर्स की एक नवीन श्रृंखला है । गुणात्मक उत्पादों की पूर्ति के अलावा उनका केन्द्र बिन्दु उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्रता से निपटान करना, रख-रखाव सेवाएँ प्रदान करना, उधार सेवाएँ प्रदान करना इत्यादि भी है ।

उपरोक्त में चर्चित विपणन का कार्य है : **1**

(A) ब्रांडिंग

(B) विपणन नियोजन

(C) उत्पाद का रूपांकन एवं विकास

(D) ग्राहक समर्थन सेवाएँ

21. (a) प्रबंध की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । **3**

अथवा

(b) व्यावसायिक पर्यावरण के महत्त्व के किन्हीं तीन बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए ।

22. निम्नलिखित प्रत्येक स्थिति में चर्चित भर्ती के बाह्य स्रोत को पहचानिए एवं समझाइए : **3**

(i) वीर इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, उनेदाबाद में एक सरकारी अस्पताल के भवन निर्माण का कार्य संभाल रही थी । मॉनसून के मौसम में परियोजना में देरी हो गई और समय-सीमा तक पूरा करने के लिए अचानक काम का बोझ बहुत बढ़ गया । स्थल पर्यवेक्षक ने निर्माणी स्थल के प्रवेश पर यह उल्लेख करते हुए एक नोटिस लगाया कि "15 दिन के लिए दिहाड़ी मज़दूरों की आवश्यकता है । पहचान प्रमाण-पत्र के साथ सोमवार को सुबह 9:00 बजे रिपोर्ट करें । चिनाई या सामग्री ढोने के अनुभवी कामगारों को प्राथमिकता दी जाएगी" ।

(ii) विस्ता बैंक ने टियर-2 तथा टियर-3 शहरों में अपनी खुदरा बैंकिंग प्रचालनों का विस्तार करने की योजना बनाई । उन्हें 200 से अधिक मध्य-स्तरीय प्रबन्धकों को नियुक्त करने की आवश्यकता थी जो विक्रय, उपभोक्ता सेवा तथा प्रचालनों में अनुभवी हों ।

विस्ता बैंक ने 'एवन कन्सलटेंट्स' से सम्पर्क किया, जो कि भारत की अग्रणी प्रबन्ध परामर्शदाता फर्मों में से एक है । 'एवन कन्सलटेंट्स' ने अपने नाम से जॉब पोर्टल पर पदों का विज्ञापन दिया तथा सम्पूर्ण भारतवर्ष के अनुभवी पेशेवरों का डेटाबेस प्राप्त किया । गहन जाँच के पश्चात् उन्होंने एक संक्षिप्त सूची बनाई तथा विस्ता बैंक को योग्य उम्मीदवारों की सूची प्रेषित कर दी ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

20. NV Electronics has an innovative range of smartphones, T.V's, home entertainment systems, kitchen appliances and air conditioners. Besides supplying quality products, their focus is also on handling customer complaints speedily, providing maintenance services, procuring credit services etc.

The function of marketing discussed above is : **1**

(A) Branding
(B) Marketing Planning
(C) Product designing and development
(D) Customer support services

21. (a) State any three features of Management. **3**

OR

(b) State any three points of significance of Business Environment.

22. Identify and explain the external source of recruitment discussed in each of the following cases : **3**

(i) Veer Infrastructure Pvt. Ltd. was handling the construction of a government hospital building in Unedabad. During the monsoon season, the project was delayed and there was a sudden rush of work to meet the deadline. The site supervisor placed a notice at the entrance of the construction site stating "Daily wage labourers needed for 15 days. Report with Identity Proof on Monday at 9:00 A.M. Preference for workers with experience in masonry or carrying materials".

(ii) Vista Bank planned to expand its retail banking operations in Tier-2 and Tier-3 cities. They needed to hire over 200 middle-level managers with experience in sales, customer service and operations. Vista Bank approached 'Avon Consultants', one of India's leading management consultancy firms. 'Avon Consultants' advertised positions on job portals under their own name and also accessed its database of experienced professionals across India. After extensive screening, they shortlisted and forwarded qualified candidates to Vista Bank.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

23. रिया एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर है और अपनी बचत का एक भाग शेयर बाज़ार में निवेश करना चाहती थी । कुछ ऑन-लाइन चर्चाओं से प्रोत्साहित होकर, उसे एक कम्पनी मिली 'स्मार्ट टैक लिमिटेड', जिसके शेयरों के मूल्य बहुत तीव्रता से बढ़ रहे थे । ऐसी खबरें फैल रही थीं कि कम्पनी को एक बड़ा सरकारी अनुबंध मिला है और उसका विश्वास था कि जल्दी ही इसके शेयरों का मूल्य दो गुना हो जाएगा । सकारात्मक दावों से आश्वस्त हो रिया ने भी इस कम्पनी के शेयरों में निवेश कर दिया । अगले सप्ताह शेयर लगातार बढ़ते रहे, लेकिन अचानक मूल्य गिरने आरम्भ हो गए । कुछ ही दिनों में उसने निवेशों पर उसके मूल्य के 60% से अधिक खो दिए ।

रिया ने खोजना आरम्भ किया तथा पाया कि सरकारी अनुबंध सम्बन्धी खबर झूठी थी । भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने भी इस स्थिति का तुरंत संज्ञान लिया तथा व्यापारिक सूचना की विस्तृत जानकारी माँगी एवं जाँच पड़ताल तथा निरीक्षण किया । व्यापारिक सूचना की जाँच करने और पूछताछ करने के बाद सेबी ने पाया कि कृत्रिम रूप से शेयरों के मूल्य बढ़ाने के लिए व्यापारियों के एक समूह ने झूठी सूचना फैला दी । व्यापारियों के समूह के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए, सेबी ने यह स्पष्ट किया कि धोखाधड़ी एवं अनुचित व्यापार प्रथाओं पर सख्त प्रतिबन्ध है ।

(i) सेबी द्वारा निष्पादित किए गए दो कार्यों की पहचान के लिए उपरोक्त से पंक्तियाँ उद्धृत कीजिए ।

(ii) साथ ही उपरोक्त (i) में पहचाने गए प्रत्येक कार्य की श्रेणी से एक और कार्य का भी उल्लेख कीजिए । **3**

24. (a) भर्ती के आन्तरिक स्रोतों के रूप में 'स्थानान्तरण' एवं 'पदोन्नति' को समझाइए । **3**

अथवा

(b) प्रबन्ध के 'नियुक्तिकरण' कार्य की प्रक्रिया के चरणों के रूप में 'अनुस्थापन तथा अभिविन्यास' एवं 'निष्पादन मूल्यांकन' को समझाइए ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

23. Riya, a software engineer wanted to invest a part of her savings in the stock-market. Encouraged by some online discussions, she came across a company 'Smart-Tech Ltd.', whose stock price was rising very fast. News began to circulate that company had got a large government contract and she believed that its share price would double soon. Convinced by the positive claims, Riya also invested in the shares of this company. Over the next week, the shares continued to rise but suddenly, the price started crashing. Within days, her investment had lost more than 60% of its value.

Riya started researching and discovered that the news about the government contract was false. Securities and Exchange Board of India (SEBI) also took immediate notice of the situation and called for detailed trading information and conducted enquiries and inspections. After examining trading information and conducting enquiries, SEBI found that a group of traders had spread false information to artificially boost the stock price. By taking action against the group of traders, SEBI made it clear that fraudulent and unfair trade practices are strictly prohibited.

(i) Quote lines from the above to identify the two functions being performed by SEBI.

(ii) Also state one more function of each category of the functions identified in (i) above. **3**

24. (a) Explain 'Transfers' and 'Promotions' as internal sources of recruitment. **3**

OR

(b) Explain 'Placement and Orientation' and 'Performance Appraisal' as steps in the process of 'Staffing' function of management.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

25. मीरा ने एक सुप्रसिद्ध इलेक्ट्रॉनिक स्टोर से ₹ 5,000 में विख्यात ब्राण्ड का एक मिक्सर-ग्राइंडर खरीदा । दस दिन के अंदर ही, मिक्सर-ग्राइंडर ने काम करना बंद कर दिया । मीरा उसकी मरम्मत या उसे बदलने के लिए दुकान पर गई और कैश-मैमो तथा वारंटी कार्ड दिखाया लेकिन दुकानदार ने उसकी सहायता करने से मना कर दिया । यद्यपि उत्पाद केवल ₹ 5,000 का था, उसने जिला उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम में शिकायत कर दी ।

फोरम ने स्टोर को 30 दिन के अंदर उत्पाद बदलने का आदेश दिया । उन्होंने मानसिक उत्पीड़न की क्षतिपूर्ति के लिए ₹ 1,000 तथा ₹ 800 कानूनी लागत के रूप में भी जोड़ दिए ।

मीरा द्वारा पूरे किए गए दो उत्तरदायित्वों तथा उपभोक्ता निवारण फोरम से मीरा को प्राप्त दो राहतों का उल्लेख कीजिए । **4**

26. (a) भर्ती के आन्तरिक स्रोतों के किन्हीं चार लाभों का उल्लेख कीजिए । **4**

अथवा

(b) संगठन को प्रशिक्षण के किन्हीं चार लाभों का उल्लेख कीजिए ।

27. फ्रैश फूड्स प्राइवेट लिमिटेड जैविक पैकेज खाद्य पदार्थों का उत्पादन एवं वितरण करती है । इसके प्रचालन मुख्य पाँच विभागों में विभाजित हैं – उत्पादन, विपणन, वित्त, मानव संसाधन तथा शोध एवं विकास । प्रत्येक विभाग का अपना एक प्रमुख और एक टीम है जो केवल उसके विभाग से सम्बन्धित कार्यों पर ही ध्यान केन्द्रित करती है । इससे मानवशक्ति के उपयोग में कार्य-कुशलता को बढ़ावा मिलता है क्योंकि कर्मचारी एक ही विभाग के अंतर्गत एक जैसे कार्य निष्पादित करते हैं और निष्पादन को सुधारने के योग्य हो जाते हैं । इससे प्रबंधकीय एवं प्रचालन कार्य-कुशलता की वृद्धि में भी सहायता मिलती है एवं इसके परिणामस्वरूप लाभ में वृद्धि होती है ।

चूँकि प्रत्येक विभाग छोटे दायरे में काम करता है तथा ध्यान सीमित कौशलों की शृंखला पर केन्द्रित होता है तो नए कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना आसान हो जाता है ।

(i) फ्रैश फूड्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अपनाए जाने वाले संगठनात्मक ढाँचे को पहचानिए ।

(ii) साथ ही उपरोक्त (i) में पहचाने गए ढाँचे के तीन लाभों का उल्लेख कीजिए जिनके बारे में दी गई स्थिति में चर्चा नहीं की गई है । **4**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

25. Meera purchased a mixer-grinder of a reputed brand from a well-known electronic store for ₹ 5,000. Within ten days, the mixer-grinder stopped working. Meera visited the shop for repair or replacement showing the cash memo and the warranty card but the shopkeeper refused to help her. Though the product was only for ₹ 5,000, she filed a complaint at the District Consumer Disputes Redressal Forum.

The Forum ordered the store to replace the product within 30 days. They also added ₹ 1,000 as compensation for mental harassment and ₹ 800 for legal costs.

State two responsibilities fulfilled by Meera and two reliefs which Meera got through Consumer Redressal Forum. **4**

26. (a) State any four merits of internal sources of recruitment. **4**

OR

(b) State any four benefits of training to the organization.

27. Fresh Foods Pvt. Ltd. manufactures and distributes organic packaged food products. It's operations are divided into five main departments – Production, Marketing, Finance, Human Resources and Research and Development. Each department has its own head and a team that focuses only on the work related to their department. This promotes efficiency in utilization of manpower as employees perform similar tasks within a department and are able to improve performance. This also helps in increasing managerial and operational efficiency and results in increased profit.

Since each department handles a narrow range of tasks and focus is on a limited range of skills, it is easier to train new employees.

(i) Identify the organization structure followed by Fresh Foods Pvt. Ltd.

(ii) Also state three advantages of the structure identified in (i) above not discussed in the given case. **4**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

28. 'प्रिया मोटर्स' ने, जो एक मोटर-बाइक का उत्पादन करने वाली कम्पनी है, 'मोटो ग्लाइड III' नाम से बाइक का एक नया मॉडल बाज़ार में उतारा है । कम्पनी ने इस बाइक को युवा सवारों के लिए आकर्षक बनाने के लिए सावधानीपूर्वक योजना बनाई । डिज़ाइन टीम का ध्यान लक्षित उपभोक्ताओं, प्राथमिक रूप से युवाओं, के लिए बाइक को आकर्षक तथा स्टाइलिश बनाने की ओर केन्द्रित था । उन्होंने इसे स्थूल स्वरूप, तेज हेडलाइट्स और एक डिजिटल स्पीडोमीटर दिया । डिज़ाइन ने बाइक को न केवल देखने में अच्छा बनाया अपितु इसकी वायुगतिकी और ईंधन दक्षता में भी सुधार किया । इसने कम्पनी को अन्य ब्राण्ड से अलग खड़े होने में सहायता की और इस प्रकार प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल की ।

कम्पनी ने बाइक के प्रत्येक भाग को बनाने में सख्त गुणवत्ता मानकों का पालन किया जिससे उत्पादन में एकरूपता और स्थिरता प्राप्त करने में मदद मिली । 'प्रिया मोटर्स' ने बाइक के विभिन्न संस्करण पेश किए जिनके मूल्य विशेषताओं जैसे ब्लूटूथ सम्बद्धता, रंग विकल्प इत्यादि के आधार पर अलग-अलग थे ।

उपरोक्त में चर्चित विपणन के दो कार्यों को पहचानिए एवं समझाइए । 4

29. (a) नियोजन की निम्नलिखित सीमाओं को समझाइए : 4

(i) नियोजन रचनात्मकता को कम करता है ।

(ii) नियोजन में भारी लागत सम्मिलित है ।

अथवा

(b) विकेन्द्रीकरण के महत्त्व के निम्नलिखित बिन्दुओं को समझाइए :

(i) शीघ्र निर्णयन

(ii) शीर्ष प्रबंध को राहत

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

28. 'Priya Motors', a motorbike manufacturing company, launched a new model of bike in the market named 'Moto Glide III'. The company planned carefully to make this bike appeal to young riders. The design team focused on making the bike attractive and stylish to the target customers, primarily the youth. They gave it a sleek body, sharp headlights and a digital speedometer. The design made the bike not just look good but also improved its aerodynamics and fuel efficiency. This helped the company stand out from other brands, thereby getting a competitive edge.

The company followed strict quality standards in making each part of the bike which helped in achieving uniformity and consistency in output. 'Priya Motors' also offered different versions of bike with different prices based on features like Bluetooth connectivity, colour options etc.

Identify and explain two functions of marketing discussed above. **4**

29. (a) Explain the following limitations of planning : **4**

(i) Planning reduces creativity

(ii) Planning involves huge costs

OR

(b) Explain the following points of importance of Decentralisation :

(i) Quick decision-making

(ii) Relief to top management

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

30. आदित्य एक त्वचा देखभाल करने वाली कम्पनी, जिसका नाम 'नट-अयूर' है, का स्वामी है । जुलाई, 2025 में उसने पारम्परिक जड़ी-बूटियों जैसे हल्दी, चन्दन की लकड़ी, नीम, ऐलो वेरा, केसर इत्यादि का प्रयोग करके जड़ी-बूटियों से बनी एक नई फेस क्रीम को बाज़ार में उतारने का निर्णय लिया ।

क्रीम के उत्पादन, पैकेजिंग, वितरण तथा विक्रय की कुल लागत ₹ 60 प्रति ट्यूब आई । 'नट-अयूर' ने निर्णय लिया कि लागत को पूरा करने के लिए यह न्यूनतम मूल्य होगा । वे उचित लाभ मार्जिन भी अर्जित करना चाहते थे । इसके लिए 'नट-अयूर' ने सर्वेक्षण किया तथा पाया कि अनुमानित माँग अधिक होगी । उपभोक्ता जड़ी-बूटियों से बनी तथा रसायन मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करने के लिए तैयार थे । उन्होंने यह भी पाया कि ऐसी ही विशेषताओं के साथ ₹ 80 से ₹ 120 के बीच के मूल्य पर बहुत सी फेस क्रीम बाज़ार में उपलब्ध हैं । प्रभावपूर्ण ढंग से मुकाबला करने के लिए 'नट-अयूर' ने इस क्रीम का मूल्य ₹ 99 निश्चित किया ताकि बेहतर लाभों की पेशकश के साथ उपभोक्ताओं को आकर्षित किया जा सके ।

उत्पाद में मूल्य जोड़ने के लिए 'नट-अयूर' ने पर्यावरण हितैषी पैकेजिंग, नि:शुल्क घर पहुँचाने की सुविधा तथा ऑनलाइन विज्ञापनों में निवेश किया । इस अद्वितीय विशेषता ने 'नट-अयूर' को इसकी क्रीम का मूल्य निर्धारित करने में प्रतिस्पर्धात्मक स्वतन्त्रता दी ।

ऐसे किन्हीं दो घटकों को पहचानिए एवं समझाइए जिनको 'नट-अयूर' द्वारा अपनी जड़ी-बूटियों की फेस क्रीम का मूल्य निर्धारित करते समय ध्यान में रखा गया । **4**

31. (a) वैज्ञानिक प्रबंध के सिद्धान्त के रूप में 'सहयोग, न कि टकराव' तथा वैज्ञानिक प्रबंध की तकनीकों के रूप में 'कार्यपद्धति अध्ययन' तथा 'कार्य का प्रमापीकरण एवं सरलीकरण' को समझाइए । **6**

अथवा

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

30. Aditya owned a skincare company named 'Nat-Ayur'. In July, 2025, he decided to launch a new herbal face cream in the market using traditional herbs like turmeric, sandalwood, neem, aloe vera, saffron etc.

The total cost of producing, packaging, distributing and selling the cream came to ₹ 60 per tube. 'Nat-Ayur' decided that this would be the minimum price to cover the cost. They wanted to earn a fair margin of profit too. For this 'Nat-Ayur' conducted a survey and found that the expected demand would be high. Customers were ready to pay more for herbal and chemical free products. They also found that many face creams with similar features are available in the market priced between ₹ 80 to ₹ 120. To compete effectively, 'Nat-Ayur' decided to price the cream at ₹ 99 to attract the customers while offering better benefits.

To add value to the product 'Nat-Ayur' invested in eco-friendly packaging, free home delivery and on-line advertisements. This uniqueness gives 'Nat-Ayur' a competitive freedom in fixing price of its cream.

Identify and explain any two factors that were taken into consideration by 'Nat-Ayur' for determining the price of their herbal face cream. **4**

31. (a) Explain 'Harmony, Not Discord' as a principle of Scientific Management and 'Method Study' and 'Standardization and Simplification of Work' as techniques of Scientific Management. **6**

OR

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

(b) सामान्य प्रबंध के निम्नलिखित सिद्धान्तों को समझाइए :

(i) कार्य-विभाजन

(ii) अनुशासन

(iii) समता

32. ग्रीनर ऑरगैनिक एक कम्पनी है जो पर्यावरण हितैषी उर्वरक व मृदा सुधार उत्पादों का उत्पादन करती है । जैविक खेती में बढ़ती हुई रुचि के साथ, कम्पनी सम्पूर्ण भारत में अपने प्रचालनों का विस्तार करने की योजना बना रही है ।

ग्रीनर ने अगले वर्ष अपने विक्रय को 25% से बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया । इसने सभी विभागों – विक्रय, उत्पादन, विपणन तथा लॉजिस्टिक्स को काम करने के लिए एक समान लक्ष्य दिया । इसकी प्राप्ति के लिए ग्रीनर ने स्थानीय किसान समूहों के साथ मिलकर टियर-2 तथा टियर-3 शहरों में प्रवेश की एक व्यापक योजना बनाई । उन्होंने ऑनलाइन अभियानों के माध्यम से, जो पर्यावरण हितैषी खेती पर केन्द्रित थे, अपने ब्राण्ड के संवर्धन की योजना भी बनाई । कम्पनी ने विस्तृत मानदण्ड (पैरामीटर्स) भी बनाए जिनके अंतर्गत प्रबंधक कार्य कर सकते थे । प्रयोग में लाया गया समस्त कच्चा माल जैविक प्रमाणित होता था तथा प्राथमिक रूप से स्थानीय किसानों से एकत्रित किया जाता था । इससे गुणवत्ता में सुधार होगा, स्थानीय लोगों को सहायता मिलेगी और उपभोक्ताओं के साथ विश्वास बना रहेगा । कम्पनी ने विपणन के लिए ₹ 50 लाख आबंटित किए जिसमें स्थानीय समाचार-पत्रों में विज्ञापन, डिजिटल विपणन, प्रचार कार्यक्रम तथा डीलर प्रोत्साहन के लिए कोष सम्मिलित था । भावी तथ्यों तथा संख्याओं की मात्रा के निर्धारण द्वारा, कम्पनी ने लागत को नियंत्रित करने तथा निष्पादन का मूल्यांकन करने की योजना बनाई ।

उपरोक्त स्थिति में चर्चित किन्हीं चार प्रकार की योजनाओं को पहचानिए एवं समझाइए । **6**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

(b) Explain the following principles of General Management :

(i) Division of work

(ii) Discipline

(iii) Equity

32. Greener Organic is a company producing eco-friendly fertilizers and soil boosters. With the growing interest in organic farming, the company is planning to expand its operations across India.

Greener sets its target to increase its sales by 25% in the next year. This gave all departments – sales, production, marketing and logistics – a common target to work. To achieve this, Greener made a comprehensive plan to enter Tier-2 and Tier-3 cities by working with local farmer groups. They also plan to promote their brand through on-line campaigns focused on eco-friendly farming. The company also laid down broad parameters within which the managers could function. All raw materials used had to be certified organic and preferably sourced from local farmers. This would improve quality, support local people and build trust with customers. The company allocated ₹ 50 lakhs for marketing, which included funds for regional newspaper advertisements, digital marketing, promotional events and dealer incentives. By quantifying future facts and figures, the company planned to control costs and evaluate performance.

Identify and explain any four type of plans discussed in the above case. **6**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

33. 'फ्रैशजू' एक व्यापारी कम्पनी है, जो अन्य निर्माताओं द्वारा बनाए गए बोतलबंद जूस बेचती है । अब इसने अपने जूस को सम्पूर्ण भारत में बेचने की योजना बनाई है । इसके लिए, 'फ्रैशजू' ने जूस के उत्पादन में प्रवेश करने का निर्णय लिया । उसने भविष्य में अन्य देशों को अपने जूस का निर्यात करने की भी एक महत्त्वाकांक्षी योजना बनाई है । भविष्य में अपेक्षित ऊँची माँग को पूरा करने के लिए, कम्पनी ने एक बड़ी निर्माणी इकाई की स्थापना की । मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रविन्द्र ने जूस भरने और बोतल भरने की स्वचालित मशीन का ऑर्डर दिया जिसे गति बढ़ाने, स्वच्छता में सुधार करने और उत्पादन में निरंतरता लाने के लिए प्रयोग किया जाता है । चूँकि निवेश बहुत बड़ा था, 'फ्रैशजू' ने सभी नई मशीनों को खरीदने के स्थान पर कुछ महँगी मशीनों को पट्टे पर लिया । इससे उन्हें आरंभ में धन की बचत में सहायता मिली ।

उन्होंने पास की एक पैकेजिंग इकाई के साथ सहयोग भी किया ताकि व्यस्ततम अवधि के दौरान उनकी पैकेजिंग मशीनों का उपयोग किया जा सके । इससे अतिरिक्त उपकरणों में निवेश किए बिना, जो मंदी के दौरान कम उपयोग में रहते हैं, फ्रैशजू को माँग के मौसमी उछाल के प्रबंधन में सहायता मिली ।

उपरोक्त से पंक्तियाँ उद्धृत करते हुए ऐसे किन्हीं चार तत्त्वों को पहचानिए एवं समझाइए जो 'फ्रैशजू' की स्थायी पूँजी आवश्यकताओं को प्रभावित करेंगे । **6**

34. (a) सम्प्रेषण की किन्हीं चार व्यक्तिगत बाधाओं को समझाइए । **6**

अथवा

(b) प्रबंध के नियंत्रण कार्य के महत्त्व के किन्हीं चार बिन्दुओं को समझाइए ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

33. 'Freshju' is a trading company, selling bottled juices made by other manufacturers. Now, it planned to sell its juices across India. For this, 'Freshju' decided to enter into 'Juice manufacturing'. It also has ambitious plans to export its juices to other countries in the future. To meet anticipated higher demand in future, the company set-up a larger manufacturing unit. The Chief Executive Officer, Ravinder, ordered automatic juice-filling and bottling machines to increase speed, improve hygiene and for consistency in production. Since the investment was huge, instead of buying all new machinery 'Freshju' took some expensive machines on lease.

They also collaborated with a nearby packaging unit to use their packing machines during peak-season. This helped 'Freshju' to manage seasonal surges in demand without investing in additional equipment that would remain underutilized during off season.

Quoting lines from the above, identify and explain any four factors that will affect the fixed capital requirements of 'Freshju'. **6**

34. (a) Explain any four personal barriers to communication. **6**

OR

(b) Explain any four points of importance of controlling function of management.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE